# उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

पत्रांक : ओ. यू. / परीक्षा / 602 / 2025 दिनांक : 28 / 10 / 2025

## कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आगामी सत्रांत परीक्षा में निम्न कारणों के अन्तर्गत परीक्षा केन्द्र परिवर्तन किया जायेगा –

1. परीक्षार्थी के बीमारी होने की दशा में (CMO द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर)।
2. विवाह होने की दशा में (विवाह का प्रमाण पत्र अथवा शादी कार्ड जिस अवधि में छात्र / छात्रा विश्वविद्यालय मे प्रवेश लिया हो)।
3. विकलांगता की दशा में (विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर)।
4. परिवार में किसी की मृत्यु की दशा में (नगर निगम अथवा ग्राम प्रधान द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र)।
5. स्थानांन्तरण की दशा में (परीक्षार्थी अथवा अभिभावक के नियोक्ता द्वारा जारी किये गये स्थानांन्तरण पत्र की प्रति)।

शिक्षार्थी का नामांकन जिस जिले में है और वे उसी जिले के अन्य परीक्षा केन्द्र पर परिवर्तन हेतु आवेदन करते है तो उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उनके द्वारा जमा धनराशि को किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु शिक्षार्थी द्वारा 2500 / – रूपया आन लाइन जमा करना अनिवार्य है। बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्रेषित आवेदन पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन की शर्तो को पूर्ण करने की दशा में शिक्षार्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने के एक माह पूर्व परीक्षा कार्यालय को परीक्षा केन्द्र परिवर्तन का आवेदन आनलाइन जमा शुल्क के साक्ष्य के साथ प्राप्त हो जाना चाहिए, उसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् आवेदन करने की दशा में शिक्षार्थी द्वारा जमा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा। अपरिहार्य स्थिति में माननीय कुलपति जी द्वारा विशेष परिस्थिति में अनुमोदन प्राप्त कर परीक्षा केन्द्र परिवर्तित कराया जा सकता है।

**नोट : नियमानुसार परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु आवेदन करने पर उस जिले के किसी भी परीक्षा केन्द्र पर स्थानान्तरित किया जा सकता है। परन्तु आप द्वारा जिले के किसी भी परीक्षा केन्द्र की मॉग स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

परीक्षा नियंत्रक

पृ.सं.: ओ.यू. / परीक्षा / / 2025 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सूचना पटल, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. प्रभारी, ICT Cell को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल UPLOAD करवाने का कष्ट करें।
3. वित्त अधिकारी, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
4. कुलसचिव, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
5. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक